# ADB क्षेत्रीय सम्मेलन और PM गतिशक्ति

## प्रिलिम्स के लिये:

एशियाई विकास बैंक (ADB), PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से संबंधित पहल

## मेन्स के लिये:

PM गतिशक्ति, एशियाई विकास बैंक की भूमिका

स्रोत: पी.आई.बी.

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **2023 क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण (RCI) सम्मेलन** एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा जॉर्जिया के त्बिलिसी में आयोजित किया गया था, जहाँ भारत ने अपने PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का प्रदर्शन किया।

## एशियाई विकास बैंक:

- **परिचय:**
  - ADB एक **क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1966** में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
    - **इसमें 68 सदस्य हैं;** 49 सदस्य देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हैं, जबकि 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैं।**भारत ADB का संस्थापक सदस्य है।**
  - ADB सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये ऋण, तकनीकी सहायता, अनुदान एवं इक्विटी निवेश प्रदान करके अपने सदस्यों तथा भागीदारों की सहायता करता है।
  - 31 दिसंबर, 2022 तक **ADB के पाँच सबसे बड़े शेयरधारक जापान और अमेरिका** (प्रत्येक के पास कुल शेयरों का 15.6%), **चीन** (6.4%), **भारत** (6.3%) तथा **ऑस्ट्रेलिया** (5.8%) हैं।
  - इसका मुख्यालय **मनीला, फिलीपींस में है।**
- **ADB सम्मेलन का परिचय:**
  - **2023 सम्मेलन का विषय:**
    - आर्थिक गलियारा विकास (ECD) के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण को मज़बूत करना।
  - **उद्देश्य:**
    - ECD के साथ स्थानिक परिवर्तन/क्षेत्र-केंद्रित दृष्टिकोण को एकीकृत करने और व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों का पता लगाना।
    - निवेश योग्य परियोजनाओं के लिये ECD ढाँचे के अनुप्रयोग और परिचालन दिशा-निर्देशों पर ज्ञान साझा करना।
  - **भागीदारी:**
    - सम्मेलन में 30 से अधिक सदस्य देशों ने भाग लिया।
  - **भारत की भूमिका:**
    - RCI सम्मेलन में भारत ने सामाजिक-आर्थिक योजना और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने के लिये ADB तथा**दक्षिण एशिया उपक्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) के** देशों को ज्ञान साझा करने के माध्यम से अपनी**स्वदेशी रूप से विकसित GIS-आधारित तकनीक प्रस्तुत की।**

## मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिये PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान:

- यह एक मेड इन इंडिया पहल है, जो आर्थिक नोड्स और **सामाजिक बुनियादी ढाँचे के लिये मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी** की

एकीकृत योजना हेतु एक परिवर्तनकारी 'संपूर्ण-सरकारी' दृष्टिकोण है, जिससे लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होता है।
  - PM गतिशक्ति सिद्धांत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के हिस्से के रूप में **सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र-आधारित विकास सुनिश्चित करते हैं।**
  - PM गतिशक्ति को अक्तूबर 2021 में लॉन्च किया गया था।
- गतिशक्ति योजना में वर्ष 2019 में 110 लाख करोड़ रुपए की **राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन** लॉन्च की गई।
- PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक **भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS)** डेटा-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसमें 1400 से अधिक डेटा और 50+ उपकरण हैं।
  - यह उपयोगिता बुनियादी ढाँचे, भूमि उपयोग, मौजूदा संरचनाओं, मिट्टी की गुणवत्ता, निवास स्थान, पर्यटन स्थलों, वन संवेदनशील क्षेत्रों आदि का दृश्य प्रतिनिधित्व प्रदान करता है।
- यह पहल क्षेत्रीय साझेदारों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु भी लागू की जा रही है। इसके कुछ उपयुक्त उदाहरण हैं:
  - **भारत-नेपाल हल्दिया एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर** परियोजना (पूर्वी भारतीय राज्य तथा नेपाल)।
  - विकास केंद्रों तथा सीमा बिंदुओं तक मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिये **क्षेत्रीय जलमार्ग ग्रिड (RWG)** परियोजना।

## लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिये भारत सरकार की अन्य पहल:

- राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (NLP)
- माल का बहुविध परिवहन अधिनियम, 1993
- मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क
- लीड्स (LEADS) रिपोर्ट
- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर
- सागरमाला प्रोजेक्ट्स
- भारतमाला परियोजना
- **डिजिटल पहल:**
  - **यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (ULIP)**
  - **लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (LDB)**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**_?????:_**

**प्रश्न. गतिशक्ति योजना को संयोजकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सरकार और निजी क्षेत्र के मध्य सतर्क समन्वय की आवश्यकता है। विवेचना कीजिये। (2022)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adb-regional-conference-and-pm-gati-shakti